# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–27 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ओडिशा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल फोर जी नेटवर्क और 'भारत नेट परियोजना' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और सम्बन्धित विभाग के मंत्री एवं अधिकारी वर्चुअली मौजूद रहे। इस अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'नया भारत' दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। यह किसी से न डरेगा, न किसी दबाव के सामने झुकेगा। आज भारत डिजिटल क्रांति का लीडर बनकर उभरा है।

**प्रधानमंत्री जी के विजन को जमीनी धरातल पर उतार करके हर एक उपभोक्ता को भी और बीएसएनएल परिवार से जुड़े हुए हर एक स्टे होल्डर को भी पूरी सुरक्षा प्राप्त हो और उसको पूरा संरक्षण देने का कार्य जहां प्रदेश सरकार डबल इंजन की सरकार के साथ मिल कर के कार्य कर रही है वहीं साथ ही साथ आज की सेवाएं हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा क्योकि यह हमारे दूर दराज क्षेत्रों ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम देने वाला है। एक नये भारत का और विकसित भारत की आधाशिला तभी होगी जब ग्रामपंचायत आत्म निर्भर होगा।**

**********

अयोध्या जनपद में चल रहे सीबीएसई खो–खो नेशनल चैंपियनशिप का आज समापन हो गया। इस अवसर पर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अर्पणा यादव ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि खिलाड़ी निरंतर अभ्यास करे तो कॉमनवेल्थ, ऐशियन गेम्स या फिर ओलंपिक, हर स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते है। उन्होंने बताया कि सरकार दो हजार छत्तीस की तैयारी कर रही है, ताकि भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सके।

**********

इस महीने की बाइस तारीख को शुरू हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित 'जीएसटी बचत उत्सव' समाज के सभी वर्गो को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने स्वास्थ्य सेवा और प्रमुख क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कर कटौती की घोषणा की है। जिम और फिटनेस सेंटरों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसका उद्देश्य लोगों के लिए स्वस्थ जीवनशैली को और अधिक किफायती बनाना है। इस कटौती से जिम की सदस्यता में भी वृद्धि होने और जिम मालिकों की आय में वृद्धि होने की संभावना है। इसके साथ ही नए जीएसटी संरचना में दूध से बने पेय पदार्थों और सूखे मेवों जैसे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों पर भी 5 प्रतिशत की दर लगाई गई है, जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक मध्यम वर्गीय परिवारों को कर में राहत मिलेगी। समर्थ सिंह के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, अपनी विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने इतिहास को संजोने, देशभक्ति की प्रेरणा देने और पीढ़ियों को बलिदान की भावना से जोड़ने वाले स्मारकों का निर्माण करके भारत की कालातीत विरासत और नायकों का सम्मान किया है।

**एक राष्ट्र का निर्माण उसके नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, विचारकों और विरासत के संरक्षकों के साहस से होता है, जो त्याग और दूरदर्शिता के माध्यम से उसके भाग्य का निर्माण करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रतिष्ठित स्मारकों और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों के माध्यम से भारत की कालातीत विरासत और उसके नायकों का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, मौजूदा स्मारकों का पुनरुद्धार और नए स्मारकों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन का उद्घाटन करते हुए ऐसे प्रतीकों के महत्व को रेखांकित किया।**

**देश अपने सभी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्र रक्षा में अपने आपको दिन–रात थकाने वाले, आहूत करने वाले वीर–वीरांगनाओं को आज देश नमन कर रहा है।**

**नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक हमारे सैनिकों के साहस और बलिदान के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। अमृतसर में, पुनर्निर्मित जलियांवाला बाग स्मारक स्वतंत्रता संग्राम के सबसे काले लेकिन निर्णायक अध्यायों में से एक की स्मृति को जीवंत रखता है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।**

**********

लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर आज उन्नाव जिले के पास हुए सड़क हादसे में कार की टक्कर से चार श्रमिकों की मौत हो गयी। ये सभी श्रमिक लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर गंगा एक्सप्रेस–वे को जोड़ने के लिये बन रहे इंटरचेंज के निर्माण कार्य में लगे थे कि तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही चारो श्रमिकों की मौत हो गयी।

**********